## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13 जून 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- गुजरात के अहमदाबाद से दो सौ बयालिस यात्रियों के साथ लंदन जा रहा एयर इंडिया का यात्री विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी सहित कई यात्रियों की मौत।
- गुजरात हादसे को लेकर देश भर में शोक का माहौल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज के लिए प्रदेश के सभी राजकीय कार्यक्रम किये निरस्त, पीड़ित परिवारों के प्रति जताई संवेदना।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेधावी विद्यार्थियों और राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को किया सम्मानित, कहा–राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने दिये हैं बेहतर परिणाम।
- उन्तीस मई से शुरू हुआ विकसित कृषि संकल्प अभियान हुआ सम्पन्न, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने किसानों से खेतों में उन्नत तकनीकों के इस्तेमाल का किया आह्वान।

**********

गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का यात्री विमान कल अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास मेघानी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उड़ान संख्या एआई–एक सौ इकहत्तर में दो पायलट और दस चालक दल के सदस्यों सहित कुल दो सौ बयालिस यात्री सवार थे। इसमें एक सौ उनहत्तर भारतीय, ब्रिटेन के तिरपन, पुर्तगाल के सात और कनाडा का एक यात्री सवार था। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने बताया कि इस दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की भी मृत्यु हो गई ।

**हमारे नेता पूर्व मुख्यमंत्री श्री विजय रुपाणी भी इसी फ्लाइट में अपने परिवार को मिलने के लिए जा रहे थे। वो भी इस हादसे का शिकार हुए। भगवान उनकी भी आत्मा को शांति दें। परिवार में बहुत बड़ी चोट आई है।**

विमान दुर्घटना में एक जीवित बचा यात्री मामूली रूप से घायल है। यात्री की पहचान ब्रिटिश नागरिक विश्वास कुमार रमेश के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया और सेना तथा एनडीआरएफ के दल राहत और बचाव कार्य में जुटे रहे। अहमदाबाद से मुंबई और दिल्ली के लिए विशेष ट्रेनों और विमानों का भी संचालन किया गया। दुर्घटना पर अधिक जानकारी के लिए एयर इंडिया ने एक यात्री हॉट लाइन नंबर 1800 5691 444 स्थापित किया है।

गृह मंत्री अमित शाह और नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू स्थिति की समीक्षा के लिए दुर्घटना स्थल पर पहुँचे। गृहमंत्री ने अस्पताल पहुंच कर घायलों से मुलाकात की। उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और नागर विमानन मंत्री सहित कई अन्य लोगों के साथ बैठक भी की। गृह मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान दुर्घटना में हताहत हुए लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना जताई और कहा कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना के बारे में गृह मंत्री अमित शाह और नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से बातचीत की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अहमदाबाद विमान हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने इसे हृदय विदारक बताते हुए कहा कि राष्ट्र पीड़ित परिवार जनों के साथ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयर इंडिया विमान दुर्घटना को हृदय विदारक बताया। श्री मोदी ने कहा कि दुख की इस घड़ी में, उनकी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं।

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना को अत्यंत दुःखद, पीड़ादायक और हृदय विदारक बताया। उन्होनें प्रभावितों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त किया और आज के लिए प्रस्तावित अपने सभी राजकीय कार्यक्रम रद्द कर दिये।

**इस दुखद घटना के लिए मेरी सभी जितने भी पीड़ित परिवार है उन सब के प्रति हमारी संवेदना है।**

टाटा समूह ने विमान हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक करोड़ रुपये की सहायता राशि की घोषणा की है। वहीं, विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है। एयर इंडिया ने कहा है कि विवरण का पता लगाया जा रहा है।

**********

अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर प्रदेश से जुड़े कई केंद्रीय मंत्रियों, प्रदेश सरकार के मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और संगठनों ने हताहत हुए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने कल आगरा में अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर गहरा दुख जताया।

**एक बड़ी दुर्घटना हुई है। सभी मृतकों को श्रद्धांजलि को अपने चरणों में जगह दिया और उस महान दुःख को सहने की शब्दों को चिंता प्रदान की।**

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कानपुर में एक कार्यक्रम के दौरान, जबकि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अयोध्या में एक आयोजन के दौरान विमान हादसे को लेकर गहरा दुख प्रकट किया। प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने हादसे पर दुःख प्रकट करते हुए लोगों के हताहत होने और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री की मृत्यु पर शोक जताया।

भारतीय जनता पार्टी के असम राज्य के प्रभारी और पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने इस हादसे को बेहद दुखद और दर्दनाक बताते हुए शोक प्रकट किया। गंगा सेवा निधि संगठन द्वारा वाराणसी जिले में ग्यारह सौ दीप जलाकर हादसे के दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में केंद्र व राज्य स्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उन्हें टैबलेट वितरित किए। साथ ही उन्होंने अड़सठवीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने माध्यमिक शिक्षा विभाग से जुड़ी एक सौ बाईस करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने देश के अंदर बेहतर परिणाम दिए हैं।

**एक सामान्य शिक्षा को संस्कारों के साथ जोड़ना शिक्षा को तकनीक के साथ जोड़ना, शिक्षा को स्पोर्ट्स के साथ जोड़ना सर्वांगीण विकास का माध्यम शिक्षा होनी चाहिए और राष्ट्रीय शिक्षा नीति इन्हीं सब बातों से प्रेरित होकर के दो हजार बीस में प्रधानमंत्री जी ने देश के अंदर लागू की आज उसके बहुत अच्छे परिणाम सामने आने वाले हैं।**

**********

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर कल वाराणसी के कृषि विज्ञान केन्द्र कल्लीपुर में विकसित कृषि संकल्प अभियान के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान बड़े पैमाने पर कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सहायता प्रदान की और उनकी समस्याओं का समाधान किया। कृषि राज्य मंत्री ने किसानों से खेती के दौरान उन्नत तकनीकों के इस्तेमाल और कृषि वैज्ञानिकों के सुझावों को अपनाने की अपील की। विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत उन्तीस मई से हुई थी।

**********

प्रदेश में कल विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में कल से ही प्रदेश भर में बाल श्रम निषेध सप्ताह की शुरूआत हुई जो उन्नीस जून तक चलेगा। इस अवसर पर लखीमपुर खीरी जिले में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बाल श्रम के विरुद्ध जन–जागरूकता अभियान की शुरुआत की। वहीं अमरोहा में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में जिले भर में बाल श्रम उन्मूलन रोकथाम अभियान चलाया गया। बलिया में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बाल श्रम को रोकने के लिए जागरुकता वैन को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

**********

कल विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाएगा। प्रदेश के विभिन्न जिलों में इसे लेकर तैयारियां की जा रही हैं। गोरखपुर जिले में कल जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ संजय कुमार और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने इस संबंध में शिक्षा विभाग, रेडक्रॉस सोसाइटी और कई अन्य स्वयंसेवी संगठनों के साथ बैठक की। इस दौरान जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में कैलेंडर बना कर साल भर रक्तदान करवाने के बारे में चर्चा हुई ताकि जरूरतमंद व्यक्ति के पास डोनर न होने पर भी उसे खून उपलब्ध कराया जा सके।

**********

इक्कीस जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मिर्जापुर जिले में कल एक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी में वक्ताओं ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर विशेष जोर दिया। इस दौरान योग से संबंधित पुस्तकों के महत्व पर गहन चर्चा हुई।

**********

झांसी जिले के मोंठ थाना क्षेत्र में झांसी कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर खिल्ली गांव के पास कल सुबह हुई एक सड़क दुर्घटना में सिद्धार्थनगर जिले के चार लोगों की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब एक ही परिवार के आधा दर्जन से अधिक लोग कार से महाराष्ट्र जा रहे थे और उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई।

**********

प्रदेश के गोरखपुर और श्रावस्ती सहित कुछ अन्य जिलों में कहीं कहीं हल्की से लेकर मध्यम वर्षा से लोगों को थोड़ी देर के लिए प्रचंड गर्मी से राहत मिली, लेकिन प्रदेश भर में गर्मी और उमस का असर अभी भी बरकरार है। इस बीच, मौसम विभाग द्वारा प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में कहीं कहीं वर्षा और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त की गई है। साथ ही विभाग ने प्रदेश में उष्ण लहर चलने का भी अनुमान जताया है।

**********